**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा० सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 17- (क) क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में अभी भी कोरोना संक्रमण से लोग ग्रसित हो रहे हैं? | जी हाँ। |
| (ख) क्या कोरोना से संक्रमित मरीजों में ऐसे मरीज भी हैं, जिनकों कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए दी जाने वाली वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी थी? | जी हाँ। |
| (ग) यदि हाँ, तो जनपद-वाराणसी के मुख्य चिकित्साधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 28 जून, 2022 तक मिले कोरोना मरीजों का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी हाँ, मुख्य चिकित्साधिकारी, वाराणसी के पत्र दिनांक 08-09-2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 28-06-2022 तक कुल 2513 व्यक्ति कोरोना संक्रमण के बचाव के लिये दी जाने वाली वैक्सीन की दोनों डोज़ लगने के उपरान्त कोविड-19 रोग से संक्रमित हुये। |
| (घ) कोरोना संक्रमण को रोके जाने के लिए वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों के विवरण से भी सदन को अवगत करायेंगे? | जी हाँ, कोविड-19 रोग के नियंत्रण, रोग से बचाव एवं उपचार हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जाती है:-<br>**<u>सर्विलांस</u>:-**<br>1-कोविड धनात्मक पाये गये व्यक्तियों को उनकी स्थिति के अनुसार होम आइसोलेशन/क्वारेन्टाईन सेन्टर अथवा उपचार हेतु चिकित्सालय में सन्दर्भित किया जाता है।<br>2-धनात्मक पाये गये व्यक्तियों के नमूने ओमीक्रान वैरिएंट की जांच हेतु जीनोम सिक्वेन्सिंग परीक्षण प्रयोगशालाओं को भेजे जाते हैं।<br>3-धनात्मक पाये गये व्यक्तियों की आई०सी०सी० एवं जनपद स्तरीय आर०आर०टी० के माध्यम से कान्ट्रैक्ट ट्रेसिंग का कार्य किया जाता है।<br>**<u>प्रयोगशाला परीक्षण</u>:-**<br>1-प्रदेश के समस्त जनपदों में चिकित्सा शिक्षा |

एवं प्रशिक्षण के अन्तर्गत संचालित मेडिकल कालेज एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, केन्द्र सरकार के अधीन तथा सैन्य सेवा के अन्तर्गत कुल 94 आर0टी0पी0सी0आर0 प्रयोगशालाओं में कोविड-19 जांच की व्यवस्था स्थापित की गई है।

2-साथ ही प्रदेश के समस्त जनपदों में ट्रूनाट विधि से एवं प्रदेश के 24 चिकित्सालयों में सी0बी0 नाट विधि द्वारा कोविड-19 की जांच की व्यवस्था है।

3-उपरोक्त के अतिरिक्त प्रदेश के समस्त जनपदों में कोविड-19 रोग की त्वरित जांच किये जाने हेतु एण्टीजेन टेस्ट की पूर्ण व्यवस्था है।

**<u>उपचार:-</u>**

1-प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कोविड रोगियों के उपचार हेतु वेंटिलेटर युक्त बेड की सुविधा उपलब्ध है।

2-कोविड-19 रोगियों के उपचार की उपलब्धता एवं व्यवस्था की क्रियाशीलता हेतु समय-समय पर मॉकड्रिल के माध्यम से अनुश्रवण किया जाता है।

3-कोविड-19 रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक औषधियां एवं अन्य लॉजिस्टिक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्य मंत्री,
उत्तर प्रदेश।